कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

"मद्यपान निषेध जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 22.02.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन में संकल्प संस्था रायपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान मे मद्यपान निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्री सागर शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी संकल्प रायपुर, श्री सौरभ तिवारी, सह–संयोजक S.L.C.A रायपुर एवं श्री अजय श्रीवास्तव सीनियर काउंसलर, संकल्प रायपुर उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा के मायाजाल में आज के युवा फंसते जा रहे हैं। घर–परिवार इसके दुष्प्रभाव से बर्बाद हो रहे हैं समाज में भय का वातावरण बनते जा रहा है। संकल्प संस्था रायपुर इस दिशा में प्रयासरत है। हमें इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करना होगा। तभी समाज और राष्ट्र सुखी, समृद्ध हो पायेगा।

मुख्य वक्ता श्री अजय श्रीवास्तव जी ने नशा के प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा संकल्प संस्था के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कैसे हम मुक्ति हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते है। के बारे में जागरूकता प्रदान की।

श्री सागर शर्मा जी ने संकल्प संस्था द्वारा चाइल्ड केयर पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। श्री सौरभ तिवारी जी ने युवाओं को कैसे हम इस मुहिम से जोड़कर कार्य कर सकते है, की जानकारी प्रदान की। ट्रेनर नेहा झा एवं लक्ष्मी नारायण देवांगन जी ने भी सम्बोधित कर विद्यार्थियों को रोचक जानकारी प्रदान की।विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण तथा छात्र–छात्राएं, N.C.C. कैडेट्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

Principal
Govt.Rani Suryamukhi Devi College
Chhuria,Distt.-Rajnandgaon (C.G.)
Pin Code- 491558

Scanned by CamScanner